FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 15)

अज अदालत संभागीय आयुक्त, उदयपुर (राज0)

मैसर्स श्री पुष्प एंड सन्स, उदयपुर	बनाम	जिला मजिस्ट्रेट, उदयपुर

किस्म मुकदमा अपील संख्या–**01/2020 अपील अन्तर्गत पेट्रोलियम अधिनियम–2002**

(GCMS/2020/00305)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए	
16.10.2020	आज दिनांक 16.10.2020 को प्रश्नगत अपील के अपीलार्थी मय अधिवक्ता उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो का प्रस्तुत कर अत्यावश्यक कारणों से पत्रावली सिगह से तलब किये जाने का अनुरोध किया गया। उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 19.10.2020 को नियत है। उपस्थित अधिवक्ता अपीलार्थी के निवेदन पर पत्रावली सिगह से आज तलब की गई। अपीलार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक 16.10.2020 बाबत अपील विड्रो करने हेतु प्रस्तुत कर निवेदन किया कि वह प्रकरण में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहता है एवं इसलिए उक्त प्रकरण/अपील को इसी स्तर पर विड्रो किए जाने का अनुरोध किया है। अधिवक्ता अपीलार्थी मय अपीलार्थी द्वारा अपील को इसी स्तर पर विड्रो किये जाने का निवेदन किया और वह अपील को आगे नहीं चलाना चाहते है। यहा अपीलार्थी द्वारा न्यायालय हाजा को समाधानप्रद रूप से यह साबित कर दिया गया है कि वह हस्तगत अपील में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहते है। अतः प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो करने हेतु स्वीकार किया जाता है। अपील अपीलार्थी इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।		